भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1107
गुरूवार, 15 दिसम्बर, **202**2/24 अग्रहायण, **194**4 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

देश में पर्यटन को प्रोत्साहन देना

1107. डा. सी.एम. रमेशः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास विदेशियों को यहां आने के लिए आकर्षित करने हेतु देश में पर्यटन को प्रोत्साहन देने और मौजूदा पर्यटन स्थलों को नवीनतम सुविधाओं से उन्नत करने की कोई कार्य योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**;** और

(ख) क्या सरकार का देश के विभिन्न भागों में विभिन्न वन्यजीव अभयारण्यों में पर्यटन को प्रोत्साहन देने का भी विचार है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं**?**

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क)**:** पर्यटन मंत्रालय ने विदेशी और घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं/पहलें की हैं जो निम्नानुसार हैं**:**

i. 24x7 टॉल फ्री बहुभाषी पर्यटक हेल्पलाइन।
ii. 156 देशों के नागरिकों के लिए 5 उपश्रेणियों यथा ई-पर्यटक वीजा, ई-बिज़नेस वीजा, ई-मेडिकल वीजा, ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा और ई-सम्मेलन वीजा हेतु ई-वीजा की सुविधा प्रदान करना।
iii. ई-वीजा का और अधिक उदारीकरण किया गया है और वीजा शुल्क में अत्यधिक कटौती की गई है।
iv. विरासत स्थलों/स्मारकों और अन्य पर्यटक स्थलों में पर्यटक सुविधाओं के विकास तथा रखरखाव के लिए एक विरासत को अपनाएँ परियोजना।
v. विशिष्ट अभिरूचि वाले पर्यटकों को आकर्षित करने और उन अनोखे उत्पादों के लिए पर्यटकों का बारम्बार आगमन सुनिश्चित करने जिनमें भारत को प्रतिस्पर्धी बढ़त प्राप्त है, के लिए 'निश पर्यटन' उत्पादों का विकास और संवर्धन।

vi. मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल्स और वेबसाइट के माध्यम से विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों सहित एक संपूर्ण पर्यटन गंतव्य के रूप में भारत का संवर्धन।

vii. बेहतर सेवा मानक प्रदान करने के लिए श्रमशक्ति के प्रशिक्षण और उन्नयन हेतु 'सेवाप्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण' (सीबीएसपी) योजना के तहत कार्यक्रमों का आयोजन।

viii. देश में एडवेंचर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्वतारोहण/ट्रैकिंग हेतु नई पर्वत चोटियाँ खोली गई हैं।

ix. पर्यटन गंतव्य के रूप में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए 1001 रू. से 7,500 रू. प्रति रात्रि के टैरिफ वाले होटल के कमरों पर जीएसटी को घटाकर 12**%** और 7,501 रू. से अधिक के टैरिफ पर 18**%** कर दिया गया है।

x. पर्यटन मंत्रालय की सिफारिश पर आरसीएस उड़ान योजना के तहत नागर विमानन मंत्रालय द्वारा चिह्नित एयरलाइनों को 59 पर्यटन रूट सौंपे गए हैं जिनके लिए पर्यटन मंत्रालय वी जी एफ (व्यवहार्यता अंतराल वित्तपोषण) के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करता है। अद्यतन स्थिति के अनुसार इनमें से 51 रूटों पर प्रचालन शुरू हो गया है।

पर्यटकों को बेहतर पर्यटन अनुभव प्रदान करने हेतु पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन को बढ़ावा भी दे रहा है।

(ख): जी, हाँ। पर्यटन मंत्रालय वन्यजीव अभ्यारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों सहित समग्र रूप से देश के पर्यटन गंतव्यों का संवर्धन करता है।

*****